दिन–रविवार दिनांक– 16 ⁄ 11 ⁄ 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर बातचीत का दौर तेज हो गया है। एनडीए के घटक दल भाजपा, जदयू, लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास, हम, और रालोमो के वरिष्ठ नेताओं के बीच आज पटना में बैठकों का दौर जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन बैठको का प्रमुख एजेंडा नई सरकार में शामिल होने वाले मंत्रियों को लेकर फॉर्मूले को अंतिम रूप देना है। इधर, कल जनता दल यूनाइटेड के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान सरकार के गठन की प्रक्रिया को लेकर शुरुआती बातचीत हुई है। मौजूदा सरकार के मंत्रिमंडल की कल अंतिम बैठक होने की संभावना है। बैठक में मंत्रिमंडल को भंग करने की सिफारिश की जाएगी।

———————————————————————

रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने आज पटना मे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। श्री कुशवाहा ने मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि नई सरकार बनाने की औपचारिकता जल्द पूरी की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को लेकर कोई अगर–मगर नहीं है। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री थे रहेंगे।

———————————————————————

जनता दल यूनाइटेड ने अपने सभी नवनिर्वाचित 85 विधायकों को पटना बुलाया है। पार्टी की आज होनेवाली बैठक में नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुने जाने की संभावना है। एनडीए के अन्य घटक दल हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और रालोमो के नवनिर्वाचित विधायकों की भी आज बैठक होगी, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जायेगा। इधर, भाजपा विधायक दल की कल बैठक बुलाई गई है। इसके बाद एनडीए की संयुक्त बैठक होगी जिसमें राजग विधायक दल का नेता चुना जाएगा। गौरतलब है

कि लोजपा रामविलास की विधायक दल की कल हुई बैठक में राजू तिवारी को नेता चुना गया है। इधर, मुख्यमंत्री कार्यालय से मिल रही जानकारी के अनुसार कल नीतीश कुमार राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं।

———————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज श्री हरमंदिर पटना साहिब में हाजिरी लगाई और मत्था टेका। श्री पासवान ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि गुरू महाराज के आशीर्वाद से उन्हें, उनके परिवार और उनकी पार्टी को इतनी खुशी मिली है। उन्होंने कहा कि वह इसका धन्यवाद देने के लिए गुरू घर आये हैं।

———————————————————————————

विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद राजद में आंतरिक मतभेद खुल कर सामने आ गए हैं। पार्टी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पार्टी छोड़ने की घोषणा की है। सोशल मीडिया एक्स पर अपने कई पोस्ट के माध्यम से उन्होंने चुनाव के दौरान पार्टी के निर्णयों पर सवाल उठाते हुए दल और परिवार से सभी संबंध तोड़ने की बात कही है। बाद में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की करारी हार को लेकर प्रश्न पूछने पर कार्यकार्ताओं को अपमानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयं उन्होंने जब यह सवाल उठाया तो तेजस्वी यादव के सलाहकार संजय यादव और रमीज खान ने उन्हें धमकी दी।

———————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने राजद में मचे कलह को दुःखद बताया है। श्री हुसैन ने दिल्ली मे संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य के राजनीति छोड़ने का फैसला राजद का पारिवारिक मामला है। उन्होंने कहा कि आरजेडी ने पहले भी तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से अलग किया था। अब यही कहानी रोहिणी आचार्य के साथ दोहराई जा रही है, यह अत्यंत दुःखद है।

———————————————————————————————————

आज देशभर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाने में एक स्वतंत्र, जिम्मेदार और नीतिपरक प्रेस की भूमिका की पुष्टि करता है। आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना हुई थी।

———————————————————————————————————

समाप्त